भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 631

06 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

माउंट सेलिया गोल्ड ऑपरेशन

631. श्री अनिल फिरोजिया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) माउंट सेलिया गोल्ड ऑपरेशन का ब्यौरा क्या है; और

(ख) खनिज श्रेणियों के दायरे का विस्तार करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क) और (ख): माउंट सेलिया गोल्ड ऑपरेशन्स में नवंबर, 2023 में खनन अभियान की शुरूआत हुई थी जो एनएमडीसी लिमिटेड की पर्थ, आस्ट्रेलिया में स्थित एक सहायक कंपनी लीगेसी आयरन ओर लिमिटेड की 24 स्वर्ण खदानों में से एक है। फरवरी, 2022 की स्थिति के अनुसार माउंट सेलिया गोल्ड परियोजना में संयुक्त अयस्क भंडार 1.39 ग्राम/ टन स्वर्ण की दर से 312,600 आउंस हैं। स्वर्ण के अतिरिक्त खनिज श्रेणियों के दायरे को विस्तारित करने के उद्देश्य से लीगेसी आयरन ओर लिमिटेड ने विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें लौह अयस्क, मूल धातुओं, टंगस्टन, निकेल, लिथियम आदि जैसे खनिजों के पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययनों को संपन्न करने तथा गवेषणा के लिए संयुक्त उद्यम समझौतों पर हस्ताक्षर करना शामिल है।

*****